राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण
...ना • कानपुर • देहरादून • वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली। मंगलवार • 29 मार्च • 2016

सीबीएसई : डोपिंग को लेकर सवाल पूछा फिजिकल एजुकेशन में

नई दिल्ली(एसएनबी)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं के फिजिकल एजुकेशन के पेपर मे डोपिंग को लेकर सवाल पूछा गया। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के सब्जेक्ट एक्सपर्ट वीएस राणा व रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल के सब्जेक्ट एक्सपर्ट के अनुसार पेपर संतुलित आया था। केवल एक प्रश्न जो कि छह अंको का था, वह ट्रिकी था। श्री राणा ने बताया कि कुल पेपर 70 अंको का था। जिसमें 11 प्रश्न एक अंको वाला, आठ प्रश्न तीन अंको का और सात प्रश्न पांच अंको का था। परीक्षार्थी शिप्रा, एकाग्र और सागर ने बताया कि पेपर आसान था और समय पर पूरा हो गया। राणा ने बताया कि बीते साल की तुलना में इस साल पेपर आसान था।